J B News24
3h · Facebook for Android ·

गोद लिए गये गांव चंदावली में रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

आज दिनांक 14 जून, 2022 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ द्वारा चंदावली गांव की पंचायत वाटिका में महाविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस व एनएसएस की इकाइयों, फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया और डिवाइन चैरिटेबल ब्लड बैंक के सहयोग से विश्व रक्तदाता दिवस व संत कबीर दास जयंती के पावन अवसर पर रक्तदान व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम के कॉर्डिनेटर सुभाष कैलोरिया ने बताया कि महाविद्यालय ने चंदावली गांव को यूओपी एवम् उन्नत भारत अभियान के तहत गोद लिया हुआ है। अग्रवाल कॉलेज आमजन के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए समय समय पर ऐसे शिविरों का आयोजन करता रहता है। शिविर में 97 ग्रामीणों ने अपने रक्त चाप व मधुमेह की जांच कराई। महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर कृष्ण कांत गुप्ता जी का इस तरह के शिविर आयोजन करके उन लोगों को सहायता प्रदान करना है जो धन के अभाव में अपने स्वास्थ्य की जांच नहीं करा पाते। प्राचार्य जी ने यह भी बताया कि इस रक्तदान शिविर में एकत्रित किया गया रक्त थैलेसीमिया से ग्रस्त बच्चों के जीवन को बचाने में वरदान साबित होगा। प्राचार्य जी सदैव छात्रों व स्वयं सेवकों को सामाजिक कार्यों समाज सेवा के लिए प्रेरित करते रहते हैं। गौरतलब है कि रक्तदान शिविर में 37 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। शिविर के सफल आयोजन के लिए प्राचार्य जी ने फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया के महासचिव श्री रविंद्र डूडेजा, एनएसएस के कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अशोक कुमार निराला, डॉ.शोभना गोयल, डॉ. सीमा मलिक, यूथ रेडक्रॉस कोऑर्डिनेटर डॉ. जयपाल सिंह, काउंसलर सुभाष कैलोरिया व श्री लवकेश, श्री महेन्द्र भारद्वाज व श्री सौरव गुप्ता को बधाई दी। गांव चंदावली के लोगों द्वारा शिविर में बढ़ चढ़ कर भाग लेने पर महाविद्यालय परिवार ने जनमानस का आभार व्यक्त किया

